भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1894

उत्तर देने की तारीख 13 मार्च, 2023 (सोमवार)

22 फाल्गुन, 1944 (शक)

प्रश्न

मेघालय में जलविद्युत परियोजनाएं

1894. श्री अभिषेक बनर्जी:

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मेघालय में वर्तमान में कितनी जलविद्युत परियोजनाएं चल रही हैं;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान मेघालय में वर्ष-वार कितनी नई जलविद्युत परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं;

(ग) मेघालय में जलविद्युत परियोजनाओं के कारण कितनी आपदाएं और दुर्घटनाएं हुई हैं तथा कितने लोग घायल हुए हैं और कितनी मौतें हुई हैं; और

(घ) मेघालय में शहरों में जोशीमठ की तरह भू-धँसाव की घटना रोकने के लिए क्या सुरक्षोपाय किए गए अथवा किए जाने की संभावना है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) मेघालय में 05 विशाल जलविद्युत परियोजनाएं और 03 लघु जलविद्युत परियोजनाएं संस्थापित की गई हैं।

(ख) मेघालय में पिछले पांच वर्षों के दौरान केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा एक विशाल जलविद्युत परियोजना के लिए सहमति दी गई है।

(ग) उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय को उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार ऐसी किसी घटना की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

*****